उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
University Road, Behind Transport Nagar, Haldwani (Nainital)-263136 Uttarakhand
Phone No.-05946-286000 website: www.uou.ac.in, E-mail: info@uou.ac.in

विज्ञापन संख्याः यूओयू/आर3/005/2023/122 दिनांकः 29.06.2023

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में निम्नांकित विषयों के सुचारू संचालन हेतु नितान्त अस्थाई व्यवस्था के अन्तर्गत (छः माह से अनधिक) वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से सहायक आचार्य(ए0सी0) के नियोजन की प्रक्रिया की जानी है। वॉक–इन–इन्टरव्यू की प्रस्तावित तिथियां निम्नवत् हैं–

क्र0सं0	पाठ्यक्रम/विषय	नियोजन हेतु संख्या	वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि
1.	एम0सी0ए0	01	06.07.2023
2.	एम0एस0सी (आई0टी0)	03	06.07.2023
3.	एम0एस0सी (साइबर सिक्योरिटी)	02	06.07.2023
4.	पर्यावरण विज्ञान	03	06.07.2023
5.	भूगोल	02	06.07.2023
6.	एम0एस0सी (जियो इन्फॉरमैटिक्स)	03	06.07.2023
7.	शिक्षाशास्त्र	02	07.07.2023
8.	बी0एड0(विशिष्ट शिक्षा) (ID/LD)	01	07.07.2023
9.	अंग्रेजी	03	06.07.2023
10.	हिन्दी	01	06.07.2023
11.	संस्कृत	03	06.07.2023
12.	ज्योतिष/कर्मकाण्ड	03	06.07.2023
13.	उर्दू	03	06.07.2023
14.	वाणिज्य	02	07.07.2023
15.	मैनेजमेंट	02	07.07.2023
16.	राजनीति विज्ञान	02	07.07.2023
17.	लोक प्रशासन	01	07.07.2023
18.	एम0एस0डब्लू0	02	07.07.2023
19.	समाजशास्त्र	01	07.07.2023
20.	इतिहास	02	07.07.2023
21.	अर्थशास्त्र	02	07.07.2023
22.	गणित	01	06.07.2023
23.	पर्यटन	01	07.07.2023

मानदेय– निश्चित मासिक मानदेय रू0 25,000/–

नियोजन हेतु अर्हताएं– यू0सी0सी0 विनियम, 2018/ए0आई0सी0टी0ई0/एन0सी0टी0ई0/आर0सी0आई0 तथा उत्तराखण्ड शासन द्वारा निर्धारित मानकानुसार।

नोटः अभ्यर्थी आवेदित विषय में नियामक संस्थाओं द्वारा निर्धारित अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अन्य अर्हताएं अवश्य धारित करते हों। अर्हताओं की पुष्टि न होने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी पूर्णतया अभ्यर्थी की होगी।

आवेदन–शुल्क–

वॉक–इन–इन्टरव्यू में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के लेखा अनुभाग में आवेदन–शुल्क रू0 300/– जमा कर प्राप्ति रसीद की एक प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करेंगे। आवेदन शुल्क जमा करने के उपरान्त किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।

नोटः यदि कोई अभ्यर्थीएक से अधिक विषयों हेतु योग्यता रखता हो तो उसे सम्बन्धित विषयों हेतु पृथक–पृथक आवदेन करना होगा, जिसके लिए उसे आवेदित विषयों हेतु पृथक–पृथक रूप से आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

- ❖ यह नियोजन नितान्त अस्थाई व्यवस्थान्तर्गत है, जो वर्तमान में छः माह से अनधिक अवधि के लिये है। अतः नियोजित अभ्यर्थी द्वारा भविष्य में नियमित/सेवा विस्तार का दावा मान्य नहीं होगा।

- ❖ आवेदक निर्धारित आवेदन प्रारूप में अपने विवरण को अंकित कर शैक्षिक अभिलेखों एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियां तथा मूल अभिलेख सत्यापन हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।
- ❖ यदि अभ्यर्थी द्वारा अपने अभ्यर्थन के संबंध में गलत सूचना अथवा अभिलेख प्रस्तुत किये जाने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित नियोजनों से प्रतिवारित किया जा सकता है।
- ❖ वॉक–इन–इनटरव्यू उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, हल्द्वानी (नैनीताल) में उक्त प्रस्तावित तिथियों को प्रातः 11:00 बजे से प्रारम्भ होंगे। इस हेतु पंजीकरण/आवेदन शुल्क रसीद प्राप्ति का समय वॉक–इन–इन्टरव्यू की तिथि में 10:00 बजे से 12:00 बजे तक निर्धारित है। निर्धारित समय के पश्चात् पंजीकरण/आवेदन शुल्क रसीद जमा नहीं किया जायेगा।
- ❖ वॉक–इन–इन्टरव्यू हेतु अर्ह पाये जाने व वॉक–इन–इन्टरव्यू किये जाने का आशय अन्तिम चयन नहीं माना जायेगा।
- ❖ किसी भी विषय में नियोजन हेतु बुलावा पत्र प्रेषण का अधिकार विश्वविद्यालय के पास निहित होगा।
- ❖ वॉक–इन–इनटरव्यू हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।

कुलसचिव